## चक्रवात एवं प्रतिचक्रवात

1. चक्रवात की उत्पत्ति किस प्रकार होती है ?
(अ) दो विभिन्न वायुराशियों के मिलना
(ब) दो भिन्न तापमान वाली वायुराशियों के मिलना
(स) वायुमंडलीय दशाओं में असाधारण परिवर्तन से
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (ब)

2. चक्रवात की दिशा क्या होती है ?
(अ) उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की सूई के विपरीत और दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सूई के अनुकूल
(ब) उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की सूई के अनुकूल और दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सूई के विपरीत
(स) उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की विपरीत और दक्षिणी गोलार्द्ध में भी घड़ी की सूई के विपरीत
(द) उत्तरी गोलार्द्ध तथा दक्षिणी गोलाढर्द्ध दोनों में घड़ी की सूई के अनुकूल
उत्तर : (अ)

3. चक्रवात की आकृति इनमें से किस प्रकार की होती है ?
(अ) अंडाकार (ब) गोलाकार
(स) त्रिभुजाकार (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (अ)

4. चक्रवात का शांत क्षेत्र क्या कहलाता है ?
(अ) चक्षु (ब) गर्त
(स) परिक्षेत्र (द) केंद्र
उत्तर : (अ)

5. चक्रवात की आँख एक विशेषता है–
(अ) उष्ण कटिबन्धीय चक्रवात की
(ब) प्रतिचक्रवात की
(स) उष्णार्द चक्रवात की
(द) आक्लूडेड वाताग्र की
उत्तर : (अ)

6. फ्रंटल वर्षा किस कारण से होती है ?
(अ) संवहनी धारा
(ब) समुद्री हवा
(स) चक्रवातीय गतिविधि
(द) पर्वतों से वाष्पित जल का संघनन
उत्तर : (स) SSC 2011

7. टी मापक पर निम्न में से किसका मापन किया जाता है ?
(अ) भूकम्पीय तरंग (ब) पवनों की गति
(स) चक्रवातों की शक्ति (द) वर्षा की मात्रा
उत्तर : (स)

8. फिलीपींस, जापान तथा चीन सागर में जो उष्ण कटिबन्धीय चक्रवातीय तूफान आते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?
(अ) हरिकेन (ब) टारनेडो
(स) टायफून (द) विलीविली
उत्तर : (स)

9. हरिकेन चलते हैं–
(अ) यूरोप में (ब) सहारा मरुस्थल में
(स) चीन सागर में (द) मिसीसिपी घाटी में
उत्तर : (द)

10. निम्नलिखित में से कौनसा देश टायफून से प्रभावित रहता है ?
(अ) फिलीपींस (ब) जापान
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) बांग्लादेश
उत्तर : (स)

11. उष्ण कटिबन्धीय चक्रवातों को आस्ट्रेलिया में किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) टायफून (ब) हरिकेन
(स) टोरनेडो (द) विलीविली
उत्तर : (द)

12. निम्न में से किस हवा में चक्रवातीय गति का अभाव पाया जाता है ?
(अ) हरिकेन (ब) टारनेडो
(स) पापागयो (द) टाइफून
उत्तर : (स)

13. चक्रवातों की उत्पत्ति से सम्बन्धित भवंर सिद्धात के प्रतिपादक कौन है ?
(अ) बर्कनीज (ब) नेपियर शॉ
(स) लैम्फर्ट (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (द)

14. टारनेडो का मुख्य सम्बन्ध है–
(अ) उत्तरी अमेरिका से (ब) उत्तरी यूरोप से
(स) चीन से (द) दक्षिण अफ्रीका से
उत्तर : (अ)

15. चक्रवातों की उत्पत्ति से संबंधित ध्रुवीय वाताग्र सिद्धांत का प्रतिपादन निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया है ?
(अ) नेपियर शॉ तथा लैम्फर्ट
(ब) फिट्जेराय
(स) जे. बर्कनीज
(द) टॉर बगंरान
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

16. निम्नलिखित में से कौनसा सिद्धांत चक्रवातों की उत्पत्ति की व्याख्यात नहीं करता है ?
(अ) प्रगामी तरंग सिद्धांत
(ब) ध्रुवीय वाताग्र सिद्धांत
(स) भवंर सिद्धांत
(द) गतिक सिद्धांत
उत्तर : (अ)

17. टाइफून नामक चक्रवात से कौनसा क्षेत्र प्रभावित होता है ?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) चीन सागर
(स) पश्चिमी द्वीप समूह क्षेत्र
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (ब)

18. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (उष्णकटिबंधीय चक्रवात)
A. चक्रवात
B. प्रभंजन
C. टाइफून
D. विलीविली
सूची–II (अवस्थिति)
1. संयुक्त राज्य अमेरिका
2. पूर्व एशिया
3. ऑस्ट्रेलिया
4. भारत
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 1, C – 2, D - 3
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (ब)

19. प्रतिचक्रवात की विशेषता है–
(अ) तापमान में वृद्धि (ब) तेज पवन
(स) स्वच्छ आसमान (द) तीव वृष्टि
उत्तर : (स)

20. उच्च दबाव वाली हवाएँ जो केन्द्र से बाहर की ओर चलती है, क्या कहलाती है ?
(अ) चक्रवात (ब) प्रतिचक्रवात
(स) तूफान (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

21. प्रतिचक्रवात में वायुदाब कहाँ अधिक होता है ?
(अ) केन्द्र में (ब) बाहर की ओर
(स) मध्य में (द) कहीं नहीं
उत्तर : (अ)

22. प्रतिचक्रवात किस क्षेत्र में उत्पन्न होते हैं ?
(अ) भूमध्य रेखीय क्षेत्र
(ब) आर्कटिक क्षेत्र
(स) मरुस्थलीय क्षेत्र
(द) शीतोष्ण कटिबंधीय क्षेत्र
उत्तर : (अ)

23. प्रतिचक्रवात किस क्षेत्र में अधिक उत्पन्न होते हैं ?
(अ) भूमध्य रेखीय क्षेत्र
(ब) आर्कटिक क्षेत्र
(स) मरुस्थलीय क्षेत्र
(द) उपोष्ण कटिबंधीय उच्च दाब क्षेत्र
उत्तर : (द)

24. प्रतिचक्रवात चक्रवात की तुलना में होते हैं–
(अ) बड़े (ब) छोटे
(स) बराबर (द) बहुत छोटे
उत्तर : (अ)

25. प्रतिचक्रवात की आकृति सामान्यतः होती है–
(अ) गोलाकार (ब) अंडाकार
(स) त्रिभुजाकार (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (अ)

26. प्रतिचक्रवात में वायु की दिशा होती है–
(अ) उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की सूईयों के अनुकूल तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सूईयों के विपरीत
(ब) उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की सूईयों के विपरीत तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सूईयों के अनुकूल
(स) दोनों गोलार्द्ध में घड़ी की सूईयों के अनुकूल
(द) दोनों गोलार्द्ध में घड़ी की सूईयों के विपरीत
उत्तर : (अ)

27. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा प्रतिचक्रवात के संदर्भ में सही है ?
(अ) प्रतिचक्रवात उच्च दाब केन्द्रयुक्त एक पवन तंत्र है
(ब) प्रतिचक्रवात में पवन की गति अंदर की ओर होती है
(स) पवन की गति दक्षिणी गोलार्द्ध के प्रतिचक्रवात में दक्षिणावर्त होती है
(द) एक प्रतिचक्रवात का योगदान एक क्षेत्र के मौसम निर्धारण के विषय में काफी महत्वपूर्ण होता है
उत्तर : (अ) NDA 2011

28. निम्नलिखित में कौन सर्वाधिक विनाशकारी होता है ?
(अ) तड़ित झंझा (ब) हरिकेन
(स) टाइफून (द) टारनेडो
उत्तर : (द)

www.rajstudents.com

29. टॉरनेडो है–
(अ) एक अति उच्च दाब केंद्र
(ब) एक अति निम्न दाब केंद्र
(स) एक अति उच्च समुद्री लहर
(द) एक भूमंडलीय पवन
उत्तर : (ब) RRB 2002

30. चक्रवात कब होता है ?
(अ) जब केंद्र में निम्न दाब और चारों ओर उच्च दाब होता है
(ब) जब केंद्र में दाब और चारों ओर का दाब बराबर हटा है
(स) जब चारों ओर निम्न दाब होता है
(द) जब केंद्र में उच्च दाब और चारों ओर निम्न दाब होता है
उत्तर : (अ) RRB 2002

31. चक्रवातों की सही विशेषता निम्नलिखित में से क्या हो सकती है ?
(अ) शीतोष्ण चक्रवात पश्चिमी पवनों के साथ पश्चिम से पूर्व की ओर चलते हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवात व्यापारिक पवनों का अनुगमन करते हैं
(ब) चक्रवात के अग्रभाग को चक्रवात की आँख कहते हैं
(स) चक्रवात सम्वृत समदाब रेखाओं से घिरे हुए उच दाब के एक केन्द्रक से युक्त होते हैं
(द) तूफान (हरिकेन) प्रसिद्ध उष्णकटिबंधीय चक्रवात है जो मध्य अक्षांशों में विकसित होते हैं
उत्तर : (अ) CDS 2019

www.rajstudents.com